<u>जनपद बाराबंकी</u>

प्रेसनोट सं0 -36 **दिनांक 04.11.2024**

कनाडा में रहने वाली इंस्टाग्राम गर्लफ्रेण्ड को महंगे उपहार देने के लिए की गयी पीएनबी बैंक में चोरी के प्रयास की घटना का 03 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण कर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त औजार बरामद-

दिनांक- 04.11.2024 को थाना कोतवाली नगर पर छाया चौराहा पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबन्धक श्री सोनू दीक्षित पुत्र रामबाबू दीक्षित निवासी इन्दिरा मार्केट निकट छाया चौराहा थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी द्वारा सूचना दिया गया कि दिनांक-30.10.2024 से त्योहार के दृष्टिगत अवकाश के उपरान्त आज दिनांक 04.11.2024 को बैंक खुलने पर अपनी शाखा पर आया तो पाया कि बैंक का मेन गेट टूटा व खुला हुआ है एवं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी का प्रयास किया गया है। उक्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर तत्काल मु0अ0सं0 992/2024 धारा 331(4)/305/62 बीएनएस पंजीकृत किया गया। उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं मौके पर डॉग स्क्वाड व फॉरेन्सिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा घटना का अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री सुमित त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी सदर श्री हर्षित चौहान के नेतृत्व में चार पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक निर्देश दिये गये। इसी क्रम में आज दिनांक 04.11.2024 को स्वाट/सर्विलांस एवं थाना कोतवाली नगर की समन्वित प्रयास के परिणामस्वरूप लगभग 70 सीसीटीवी कैमरों के अवलोकन के उपरान्त अभियुक्त का एक वीडियो फुटेज प्राप्त हुआ, जिसे टेक्निकल ऐप के माध्यम से उसके चेहरे को स्पष्ट कर अभियुक्त की पहचान शाहिद खान उर्फ अब्दुल समद पुत्र स्व0 फिरोज खान निवासी मोहल्ला बेगमगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बारांबकी के रूप में की गयी जिसको 03 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त औजार बरामद किया गया।

पूछताछ से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त शाहिद खान उपरोक्त की तीन गर्लफ्रेण्ड हैं, जिनमें से एक इंस्टाग्राम के माध्यम से मिली थी जो कनाडा में रहती है। चैटिंग के माध्यम से दोनों में प्रेम सम्बन्ध प्रगाढ हो गये जिसको इम्प्रेस करने हेतु महंगे उपहार देने के लिए अभियुक्त को रूपयों की आवश्यकता थी। दिनांक 30.10.2024 को बैंक के बाहर स्थित दुकान पर बैठकर रेकी करने के दौरान उसे विश्वास हुआ कि बैंक में काफी रूपये है, एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत बैंक कई दिन बन्द भी रहेगें। दिनांक 31.10.2024 की रात्रि को बैंक के मेन गेट के ताले को तोड़ने का प्रयास किया गया न टूटने पर ग्राइंडर का प्रयोग किया गया किन्तु असफल रहा।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

शाहिद खान उर्फ अब्दुल समद पुत्र स्व0 फिरोज खान निवासी मोहल्ला बेगमगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बारांबकी

बरामदगी का विवरण-

घटना में प्रयुक्त औजार

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 945/2023 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।
2. मु0अ0सं0 1043/2023 धारा 380 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।
3. मु0अ0सं0 1140/2023 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।

पुलिस टीम-

स्वाट टीम-

1. उ0नि0 श्री अजय सिंह प्रभारी स्वाट टीम
2. उ0नि0 श्री गजेन्द्र विक्रम सिंह
3. हे0का0 बलवन्त सिंह, हे0का0 मुकेश यादव, का0 अंकित तोमर
4. का0 प्रवीण शुक्ल, का0 अभय कुमार
5. का0 अभिषेक राजवंशी, का0 नितिन कुमार

सर्विलांस सेल-

1. उ0नि0 श्री संजीव प्रकाश सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद बाराबंकी
2. हे0का0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 जितेन्द्र वर्मा
3. हे0का0 मजहर अहमद, हे0का0 पवन गौतम
4. हे0का0 अनुज वर्मा, हे0का0 चन्द्रभान यादव, का0 शैलेन्द्र कुमार

थाना कोतवाली नगर-

1. प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री आलोकमणि त्रिपाठी
2. व0उ0नि0 श्री अभय कुमार मौर्य
3. उ0नि0 श्री पप्पू यादव, श्री प्रदीप सिंह, उ0नि0 श्री रवीन्द्र
4. उ0नि0यूटी श्री शांशाक पाण्डेय, उ0नि0यूटी श्री प्रवीण
5. हे0का0 संजय यादव, का0 सौरभ कुमार, का0 पवन शर्मा